दिनांक 3 मार्च 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के अंतिम छोर गोकुल नगर पहुंचे निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, मोहल्ले वासियों के साथ बस्तियों का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे देर शाम निगम के वैशाली नगर क्षेत्र के कुरूद इलाके में अंतिम छोर के बस्ती गोकुल नगर पहुंचे वहां उन्होंने पानी निकासी की व्यवस्था देखी और मोहल्ले वासियों से प्रमुख समस्याओं को लेकर चर्चा की। आयुक्त के पहुंचने की सूचना पर आसपास के रहवासी एकत्र हो गए और लाइट तथा विद्युत की समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया। निगमायुक्त ने वैशाली नगर के जोन आयुक्त पूजा पिल्ले को प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट संधारण कराकर दुरुस्त करने के निर्देश दिए वहीं आयुक्त ने सफाई व्यवस्था की जानकारी ली और सूखा कचरा, गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन के माध्यम से देने लोगों से कहा। कुछ जगहों पर आयुक्त ने पाया कि रोड को काटकर पाइप लाइन बिछाने के लिए छोड़ दिया गया है , उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने मोहल्ले वासियों के साथ गलियों और बस्तियों का सघन निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं अंजनी सिंह सहित निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।